आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 12.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.......................

प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिये कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। इसके लिए आज अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों की रवानगी शुरू हो गई है। मतदान कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। दौसा, रामगढ, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, खींवसर, सलुंबर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले इन उपचुनाव के लिए कुल 1 हजार 915 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इन पर 19 लाख 36 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 1 हजार 122 मतदान केन्द्रों पर लाईव वेबकास्टिंग की जायेगी। स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव प्रकिया सम्पन्न कराने के लिए 9 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी नियुक्त किये गये है। नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार पुरोहित ने बताया कि खींवसर निर्वाचन क्षेत्र के लिये नागौर के राजकीय विधि महाविद्यालय से मतदान दलों को रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खींवसर सीट के लिए कुल 268 मतदान केन्द्र बनाये गये है। उधर टोंक जिले के देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए टोंक के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मतदान दल रवाना हुए। वहीं डूंगरपुर के भोगीलाल पंडया राजकीय महाविद्यालय से मतदान दलों की रवानगी चौरासी विधानसभा क्षेत्र के लिये की गई। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने सभी मतदान दलों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने चौरासी सीट के मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

.......................

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा ले रहे है। दो दिन की इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों, पद्धतियों, रूपरेखा और रणनीतियों पर चर्चा करना है।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को देव उठनी एकादशी और खाटूश्याम जन्मोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने सभी के जीवन में सुख समृद्धि और आरोग्य की कामना की हैं। इस बीच देव उठनी एकादशी का पर्व प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देव उठनी एकादशी के साथ ही विभिन्न मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो गई है। मंदिरों में श्रद्वालुओं की भीड़ है और तुलसी शालिग्राम पूजन किया जा रहा है। श्रद्धालु, सरोवरों और जलाशयों में पवित्र स्नान कर रहे है। पुष्कर में आज से पंच तीर्थ स्नान शुरू हो गया है। करौली के अंजनी माता मंदिर और बांसवाडा के त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी विशेष रौनक है। वहीं सीकर के प्रसिद्ध स्थल खाटूश्याम मंदिर में आज जन्मोत्सव का उल्लास छाया हुआ है। देशभर से भक्तगण बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंच रहे है।

.......................

झालावाड़ ज़िले के झालरापाटन में आज से राज्यस्तरीय चन्द्रभागा पशु मेले की शुरूआत हुई। चंद्रभागा नदी के तट पर लगने वाले इस मेले का जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया। ये मेला 20 नवम्बर तक चलेगा। मेले में पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंच रहे है। मेले में पर्यटन विभाग की ओर से 14 नवंबर से विभिन्न आयोजन होंगे।

.......................

प्रदेश में कई स्थानों पर ठण्ड का असर अब धीरे–धीरे बढने लगा है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज 8 से अधिक शहरो में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। माउंटआबू में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सिरोही जिले के साथ ही सीकर, चूरू, अजमेर, जालोर और पाली में भी ठण्ड की रंगत तेज हो रही है।

.......................

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। 1947 में दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन की याद में हर साल, यह दिन मनाया जाता है। महात्मा गांधी ने देश के विभाजन के बाद हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अस्थायी रूप से बसे विस्थापितों को संबोधित किया था। इस अवसर पर आज आकाशवाणी दिल्ली के परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

……………………